# कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावाँ।

पत्रांक 1384 / E-mail ID :- cs.saraikela6@gmail.com

प्रेषक,

असैनिक शल्य चिकित्सक
–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
सरायकेला–खरसावाँ।

सेवा में,

अपर उपायुक्त,
सरायकेला–खरसावाँ।

सरायकेला, दिनांक 30/07/25

विषय :– विज्ञापन संख्या 02/2025 से संबंधित सूचना को सरायकेला–खरसावाँ जिले के NIC Website में अपलोड करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अनुरोध है कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत जिला स्तर पर संविदा पर DPC (District Programme Coordinator) नियुक्ति हेतु इस पत्र के साथ संलग्न विज्ञापन से संबंधित सूचना को सरायकेला–खरसावाँ जिले के NIC Website में अपलोड करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक – यथोक्त।**

विश्वासभाजन

असैनिक शल्य चिकित्सक
–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
सरायकेला–खरसावाँ।

ज्ञापांक 1384 / सरायकेला, दिनांक 30/07/25

प्रतिलिपि :– उपायुक्त, सरायकेला–खरसावाँ को सादर सूचनार्थ समर्पित।

असैनिक शल्य चिकित्सक
–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
सरायकेला–खरसावाँ।



"स्वच्छ–सरायकेला–खरसावाँ, स्वच्छ–झारखण्ड, स्वच्छ–भारत "

(73)

<u>कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावाँ।</u>

आवेदन की अंतिम तिथि 18/08/2025 विज्ञापन सं0– 02 / 2025

## <u>आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत जिला स्तर पर संविदा पर DPC (District Programme Coordinator) नियुक्ति हेतु विज्ञापन</u>

कार्यकारी निदेशक, जसास, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 02 (स्था0) AB-PMJAY-18/19-888, दिनांक 27.12.2024 के आलोक में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत जिला स्तर पर संविदा पर DPC (District Programme Coordinator) नियुक्ति हेतु निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित कियें जातें है–

| Sl. No. | Name of Post | Post | Qualification | Scope of Work | Salary |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Coordinator | 01<br>UR-01 | • Essential Qualification MBBS/MBA in healthcare or Master of health/Hospital administration or Master of Public Health full time regular university degree<br>• At least 2 Years experience in implementation of government health insurance industry of TPA<br>• Age up to 45 Years | • Supervises the operation at district level including overall administration of AB-NHPM in the district<br>• Ensuring compliance with the guidelines on beneficiary identification, utilization of Serivces, awareness generation expansion of hospital network, monitoring, audit, training reporting, MIS etc.<br>• Maintaining the quality and timeliness of Programme data for report generation.<br>• Random reviews of pre-authorizations and claims.<br>• Work with the teams across functions and other stakeholders to ensure smooth flow of data to state level on a periodic basis<br>• Organize routine, periodical and surveillance visits to all the entities participating in the scheme to ensure that all processes are running as per defined standards<br>• Any other work assigned by JSAS/District Nodel Officer Required Skills.<br>Strong analytical and management Skills<br>• Ability to Manage teams<br>• Strong strategic focus and project management Skills.<br>• Excellent interpersonal and comunication skills.<br>• Strong business focus<br>• Fluent in English Language | Rs. 50 Thousand Per Month. |

सिविल सर्जन,
सरायकेला–खरसावाँ

1. चयन की शर्तें :–

- आवेदन पत्र मात्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगा। नियुक्त होने वाले कर्मियों का नियोजन नहीं होगा बल्कि, संविदा के आधार पर स्वीकृत मानदेय के विरूद्ध उन्हें कार्य करने हेतु अनुबंधित किया जायेगा।

- आवेदक को अभ्यावेदन के साथ इस इस आशय का Indemnity Bond संलग्न करना होगा कि वे संविदा/अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के उपरान्त नियमित नियुक्ति का दावा नही करेंगे।

- अनुबंध एक वर्ष के लिए अनुमान्य होगी, आवश्यकतानुसार इसे एक–एक साल में Annual Performance Appraisal के आधार पर बढ़ायी जा सकेगी। अनुबंध विस्तार के संबंध में विभागीय दिशा–निर्देश का अनुपालन करना होगा।

- कार्य संतोषप्रद नहीं रहने पर एक माह की नोटिस/एक माह का अग्रिम मानदेय देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

- जो अभ्यर्थी शैक्षिणक योग्यता के लिए CGPA स्कोर कार्ड प्रस्तुत करेंगे वे मार्क शीट के साथ CGPA रूपान्तरण चार्ट (Conversion Chart) भी संलग्न करेंगे।

- आवेदक अपने आवेदन के साथ सभी शैक्षिणक एवं तकनीकी प्रमाण पत्रों की (अंक पत्र सहित) स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति (02 अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटो सहित) संलग्न करना होगा। साथ ही आवेदन के साथ 25/– रूपये का डाक टिकट सहित एक सादा लिफाफा जिस पर पत्राचार का पता अंकित होगा, संलग्न करना अनिवार्य है।

- नियुक्ति प्रक्रिया में जिला चयन समिति, सरायकेला–खरसावाँ का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

- चयन समिति द्वारा आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्तों में संशोधन/विज्ञापन रद्द करने का शक्ति सुरक्षित रहेगा।

- नियुक्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यक्तिगत पत्राचार/सम्पर्क मान्य नही होगा।

- रिक्तियों के विरूद्ध चयन/नियुक्ति के क्रम में कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के द्वारा सरायकेला–खरसावाँ जिले के परिचालित/निर्धारित आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा। सीधी नियुक्ति वाले पदों में सर्वप्रथम अनारक्षित कोटि के पद मेधा सूची अनुसार पूर्ण किये जायेंगे। इसके उपरान्त ही आरक्षित कोटि के पद मेधा सूची अनुसार भरे जायेंगे।

- आवेदक के द्वारा आवेदन में दी गई जानकारी/आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण–पत्र गलत/फर्जी पाये जाने पर किसी भी स्तर पर आवेदक की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है एवं संबंधित आवेदक के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

2. चयन की प्रक्रिया

- अभ्यर्थियों का चयन शैक्षिणक एवं तकनिकी परीक्षाओं में प्राप्त प्राप्तांक/Written Test/Skill Test/ साक्षात्कार एक या एक से अधिक जो लागू हो, के आधार पर किया जायेगा। जिसका निर्धारण विभागीय निर्देशानुसार/जिला चयन समति के निर्णयानुसार किया जायेगा।

- अनुभव प्रमाण–पत्र मात्र सरकारी/मान्यता प्राप्त चिकित्सीय संस्थानों से संबद्ध निर्गत कार्यानुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा।

- नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा।

- अंतिम रूप से तैयार की गई चयन/प्रतीक्षा सूची सिविल सर्जन कार्यालय/उपायुक्त के कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जाएगी। आवश्यकतानुसार एतद् सूचना समाचार पत्र/सरायकेला–खरसावाँ जिले के Website: www. saraikela.nic.in पर भी दी जाएगी।

3. <u>आवेदन की प्रक्रिया</u>

- उपरोक्त योग्यता सह अहर्त्ता रखने वाले उम्मीदवारों से संलग्न विहित प्रपत्र/आवेदन पत्र में आवश्यक अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति, आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि से संबंधित मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का आरक्षण का दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत (Online) आय प्रमाण पत्र (EWS के लिए) के साथ स्व अभिप्रमाणित दो पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करते हुए दिनांक 18.08.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नांकित विहित प्रपत्र में आवेदन निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। दिनांक 18.08.2025 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

- इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

- आवेदन हेतु विहित प्रपत्र NIC Saraikella Portal https://Saraikela.nic.in पर उपलब्ध है।

- किसी अन्य कार्यालय में आवेदन जमा करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त कर दिया जायेगा।

नोट : विज्ञापन में अंकित पद/रिक्त, शैक्षिणक एवं प्रशैक्षिणक अर्हत्ताएँ, चयन की शर्तें प्रक्रियाओं, आदि के संबंध में यादि किन्ही को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन के 05 कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति लिखित रूप में निम्न प्रपत्र में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दे सकते है।

| आपत्ति बिन्दु | आपत्ति के संदर्भ साक्ष्य/स्त्रोत/आधार | आपत्ति निराकरण के संदर्भ आपत्तिकर्त्ता का मंतव्य सुझाव (साक्ष्य/ |
|---|---|---|
| | | |

30/07/25

सिविल सर्जन,
सरायकेला–खरसावाँ

# आवेदन हेतु विहित प्रपत्र

सेवा में,

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
सरायकेला–खरसावाँ।

स्व–
अभिप्रमाणित फोटो

1. पद का नाम :– ..........................................................................
2. आवेदक का नाम :– ..........................................................................
3. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................
4. जन्म तिथि :– .............................................. उम्र (दिनांक 31.03.2025 को) ..........................................
......
5. फोन नं0 :– .............................................. ईमेल ..........................................
6. स्थायी पता :– ..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................
7. पत्रचार पता :– ..........................................................................
..........................................................................
8. शैक्षिणक एवं तकनिकी योग्यता

क. क्रमशः उच्चतम योग्यता से शुरू करते हुए न्यूनतम दसवीं तक की योग्यता अंकित करें।

ख. सारे योग्यताओं के स्व अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र अवश्य संलग्न करें।

| परीक्षा का नाम | उर्तीणता का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

9. कार्य अनुभव

क. हाल के कार्य अनुभव से शुरूआत करते हुए सभी अनुभव दर्ज करें।

ख. सारे कार्य अनुभव की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

| पद का नाम | संस्थान का नाम | अनुभव (तिथि अंकित करें | |
|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

10. श्रेणी (समान्य/पिछडा वर्ग/अत्यन्त पिछडा वर्ग/अ0ज0जा0/अ0जा0/आ0क0वर्ग0..............................
(आरक्षण के लाभ हेतु सक्षम पदाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र)
11. शारीरिक रूप से दिव्यांग ..........................................................................
(सक्षम पदाधिकारी के स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र)

## घोषणा

उपरोक्त सभी सूचनायें मेरी जानकारी में सही है। किसी भी स्तर पर दी गई सूचनायें गलत पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

तिथि ..............................
स्थान..................................

आवेदक का हस्ताक्षर